

# शासकीय भूमि पर भूमाफियाओं की नजर

## आराजी नंबर 72 को बचाने की पहल तेज, एकलव्य स्कूल के निकट भूमि को निजी हितों के लिए बदलने की साजिश का खुलासा

नवभारत न्यूज

**सतना / मैहर 6 दिसंबर, एकलव्य स्कूल के निकट स्थित अत्यंत मूल्यवान शासकीय भूभाग आराजी नंबर 72 को लेकर गंभीर अनियमितताओं और अदला-बदली के माध्यम से भूमि हड़पने की कोशिशों का मामला उजागर हुआ है।**

इस पवित्र क्षेत्र की सरकारी भूमि को निजी रकबे में समाहित करने के प्रयासों से स्थानीय जनसमाज में गहरी चिंता व्याप्त है।

**अदला-बदली की प्रक्रिया में संदेहास्पद गतिविधियां उजागर-** पुराने पटवारी नक्से से महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है कि बड़े रकबे वाले क्षेत्रों में आराजी नंबरों की योजनाबद्ध अदला-बदली की गई है। जानकारी के अनुसार,उस शासकीय रकबा 72, जिसे राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से सरकारी भूमि के रूप में अंकित किया गया है, आराजी नंबर 72, जो 73, 74, 76 और 77 नंबर की आराजियों के बीच स्थित है, उसे योजनाबद्ध तरीके से लुप्त (गायब) दिखाने और निजी रकबे में विलीन करने की कोशिश की जा रही है। उसे



परिवर्तित कर निजी हिस्से के रूप में प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया। भू स्वामी ने अपने नम्बर की पूरी भूमि का रकबा विक्रय कर मार्ग की भूमि को भी बिक्रय कर दिया है । फिर भी 72 नम्बर की भूमि को भू माफियाओं द्वारा बिक्री करने की योजना बना रहे हैं । भूमि के सीमांकन और नंबर परिवर्तन की यह प्रक्रिया न केवल नियमविरुद्ध है बल्कि इस क्षेत्र की भावनात्मक और धार्मिक महत्ता को देखते हुए अत्यंत संवेदनशील भी है।

**कई पूर्व अधिकारियों और पटवारियों की भूमिका पर सवाल-** मामले की तह तक जाते हुए यह भी सामने आया कि अलग-अलग समय पर पदस्थ रहे कुछ अधिकारियों एवं पटवारियों ने प्रकरण की गंभीरता के अनुरूप सुनवाई नहीं की और रिकॉर्ड सत्यापन में ढिलाई बरती तथा अंतिम आदेश को लंबे समय तक लंबित रखा जो प्रथम दृष्टया भूमाफियाओं को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभान्वित करने वाला रहा है। निश्चित है कि निर्णयों में विलंब और विरोधाभासी प्रविष्टियों ने पूरे मामले को और अधिक संदिग्ध बना दिया है। शारदा मंदिर क्षेत्र के निकट इस भूमि पर विकास को प्रभावित करेगा। आराजी नंबर 72 सिर्फ एक भूमि टुकड़ा नहीं, बल्कि मां शारदा मंदिर परिक्षेत्र के भविष्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण भूभाग है।

इस क्षेत्र में आगामी वर्षों में यात्री सुविधा केंद्र या सख्या से आधिक वाहन आने पर आपतकालीन पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व सुरक्षा संसाधन ,तथा व्यापक पर्यटन विकास जैसी योजनाएँ प्रस्तावित की जानी चाहिए। यदि यह भूमि अवैध कब्जे या गलत अदला-बदली की भेंट चढ़ती है, तो श्रद्धालुओं की सुविधाएँ प्रभावित होंगी और क्षेत्रीय विकास बाधित हो जाएगा।

### सरकारी भूमि बचेगी तो ही मंदिर क्षेत्र का भविष्य सुरक्षित रहेगा

नागरिकों का कहना है कि मां शारदा के परिक्षेत्र की पवित्रता को बनाए रखना सिर्फ प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। भूमि की अवैध अदला-बदली न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि श्रद्धालुओं के हितों मे उपयोगी भूमि के साथ खिलवाड़ भी है।

### प्रशासन से कठोर कार्रवाई की अपील

पूरे मामले के सामने आने के बाद स्थानीय नागरिकों सामाजिक संगठनों और मंदिर क्षेत्र के सेवाभावियों ने इसे आघात बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि का सीमांकन पुनः कराया जाए राजस्व अभिलेखों का सत्यापन उच्चस्तरीय समिति से हो पूर्व मे अदला-बदली से जुड़े हर अधिकारी की भूमिका की जांच हो,तथा आराजी 72 को किसी भी प्रकार के निजी स्वार्थ से सुरक्षित रखा जाए।



# रामनगर में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रामनगर 6 दिसंबर, मैहर जिले में सांसद खेल महोत्सव रामनगर में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ स्टेडियम में बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया।**

रामनगर में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 6 दिसम्बर को संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद गणेश सिंह की उपस्थिति में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल , भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता सूरज ,संविदाकार कालिका प्रसाद पटेल सांसद प्रतिनिधि, भाजपा मंडल अध्यक्ष इंजीनियर प्रियंका पटेल जनपद उपाध्यक्ष, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामसुशील पटेल, गोरेलाल पटेल, मोती बैश, वृन्दावन पटेल, रामनरेश पटेल, रज्जू पटेल मुमताज बनारस खान, रामचरण साहू, पीटीआई रफीमुद्दीन सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे। सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत सांसद ट्राफी के पहले मैच से हुई जिसमें अमरपाटन और जरमोहरा की टीम के बीच खेला गया जिसमें अमरपाटन दो गोल से जीती दूसरा मैच रामनगर की लड़कियों ने अमरपाटन से पेलान्टी में चार 04 गोल से जीत दर्ज की तीसरा मैच मैहर से अमरपाटन ने दो 02 गोल से विजयी रही चौथा और अंतिम मैच रामनगर ने कुशेही अमरपाटन से दो 02 से जीती। सभी फुटबॉल मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना, प्रतिभाओं को मंच देना और स्वस्थ समाज के निर्माण की ओर अग्रसर होना है।

# अवमानना मामले में नगर परिषद में सह मात की राजनीति

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 6 दिसंबर, नगर परिषद अमरपाटन की सीएमओ को हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश की अवहेलना करना महंगा पड़ सकता है।**

मामला हाईकोर्ट के स्टे आर्डर के बाद भी अतिक्रमण के नाम पर जबरिया दुकानों को तोड़ने का है। जिस पर पीड़ित दुकानदारों ने अवमानना की याचिका w.p.n.o. 36993/2024 के उद्धतत अवमानना प्रकरण C.O.N.C -3598/2025 का है जिसकी सुनवाई हाई कोर्ट में 27 नवंबर हुई इसमें सीएमओ सुषमा मिश्रा पेश हुईं और बिना परिषद की स्वीकृति के हलफनामा देकर हाईकोर्ट से पीड़ित दुकानदारों को नई बनी दुकानों आवंटित देने का वायदा कर दिया। इस कारण उन्हें 9 दिसंबर 25 तक राहत मिल गई। लेकिन समस्या उस समय खड़ी हो गई तब पीड़ित दुकानदारों को दुकानें आवंटित करने का प्रस्ताव पास कराने के लिए बैठक बुलाने जरुरत पड़ी।

तब परिषद अध्यक्ष समर सिंह ने बीमारी की बजह से 5 दिसंबर से अवकाश में चले गए और उपाध्यक्ष प्रभार देने वाले पत्र उपाध्यक्ष का नाम गलत हो गया। जबकि 3 पार्षदों सियाबाई वार्ड नंबर 7, वैष्णवी त्रिपाठी वार्ड नंबर 11और रसीदा बेगम वार्ड 13 ने सीएमओ को पत्र लिखकर

इस मुद्दे पर परिषद की स्थगित बैठक बुलाने का आग्रह किया है।

नगर परिषद अमरपाटन अध्यक्ष समर सिंह के वायरल पक्ष में उन्होंने साफ कहा कि अगर हाई कोर्ट आदेश करता, तो पूरी परिषद उस आदेश का सम्मान करती लेकिन दुकान देने की बात सीएमओ ने हाई कोर्ट में लिखित रूप से कहा है ,तो परिषद बीच में क्यों आए? न्यायालय जैसे ही निर्णय करेगा परिषद आगे आकर दुकान देने की कार्यवाही करेगी।

अब 9 दिसंबर 25 हाईकोर्ट में को जबाब देना है।

ऐसे में पीड़ित दुकानदारों को दुकान दी जाती हैं तो परिषद राजस्व की क्षति होगी और नहीं दी जाती तो हाईकोर्ट आदेश की अवहेलना और वायदा खिलाफी पर सीएमओ दण्डित कर सकता है वैसे दुकानदारों को दुकान देने के लिये परिषद से प्रस्ताव पास कर राज्य शासन की सहमति लेकर मामला निपटाया जा सकता था लेकिन अब मामला हाईकोर्ट के आधीन है और नगर परिषद अमरपाटन जमकर राजनीतिक शतरंज का खेल चल रहा है।



# बकाया बिजली बिल पर कार्रवाई, गायत्री स्टोन क्रेशर का डीटीआर जब्त

नवभारत न्यूज

**रामपुर बघेलान 6 दिसंबर,** बेला विद्युत सबस्टेशन अंतर्गत ग्राम झिरिया में संचालित गायत्री स्टोन क्रेशर द्वारा 3,58,938 रुपये का बिजली बिल भुगतान न किए जाने पर कार्रवाई की गई। लंबे समय से बकाया राशि जमा न होने के कारण कनिष्ठ अभियंता गणेश गुप्ता ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर डीटीआर (ट्रांसफार्मर) निकाला। विद्युत विभाग ने हाईड्रा मशीन की मदद से ट्रांसफार्मर को जब्त किया।

# ग्रामीण सड़कों की मरम्मत में अधिकारियों की रुचि नहीं

नवभारत न्यूज

**कोटर 6 दिसंबर, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों की परफार्मेंस गारंटी एवं रखरखाव के टेंडर होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी की सड़कों की मरम्मत कार्य करवाने रुचि नहीं दिखा रहे हैं , प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के महाप्रबंधक संविदाकार के पैरोकार बन कर रह गये हैं।**





लखनवाह - करही खुर्द मार्ग पर लगभग 20 दिन पहले संविदाकार ने सड़क के गड्ढों में क्रेशर की गिट्टी का छिड़काव किया था, गिट्टी की वजह से बढ़ी सड़क में फिसलन होने से दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने दूरभाष पर महाप्रबंधक से शिकायत किया तो महाप्रबंधक का कहना है कंपेक्ट करने के लिए सड़क पर क्रेशर की गिट्टी की गिट्टी बिछाई गई है,सवाल है कि गड्ढों पर बिछाई गई गिट्टी में जब रोलर से रोलिंग होगी तब गिट्टी होगी कंपेंक्ट अथवा दोपहिया वाहन के पहिए से होगी, सवाल यह भी है की सड़क पर गिट्टी बिछवा कर कितने महीनों कंपेक्ट कराया जायेगा ।

क्रेशर की गिट्टी जिसमें डस्ट भी नहीं मिलाई गई , जिम्मेदार अधिकारियों की मानीटरिंग पर उठ रहे सवाल , संविदाकार के रसूख के आगे जिम्मेदार अधिकारी नतमस्तक अथवा फीलगुड का खेल।

यह जांच का बिषय लेकिन कौन करेगा जांच।

# रामपुर बाघेलान नगर परिषद शक्ति केंद्र में भाजपा की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**कोटर 6 दिसंबर, रामपुर बाघेलान भारतीय जनता पार्टी रामपुर बघेलान मंडल के नगर पंचायत शक्ति केंद्र में जिला अध्यक्ष पं. भगवती पांडे के एस आई आर कार्यक्रम अंतर्गत बूथ स्तरीय प्रवास के तहत एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वार्ड क्रमांक 13 स्थित रवि मिश्रा के निवास पर संपन्न हुई।**

बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष पं. भगवती पांडे ने कहा कि, 卐मतदाता सूची की ड्राफ्ट लिस्ट बनने के बाद जो भी नाम त्रुटि हैं,अथवा जिनका डाटा अपूर्ण है,उनका तत्काल सुधार कराया जाए। यह



सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वैध वोटर का नाम गलती से भी न कटे। पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है,कि अपने क्षेत्र के एक-एक लीगल वोटर का नाम सुरक्षित रहे,कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत गौतम (जिला महामंत्री) ने की तथा स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा द्वारा दिया गया । कार्यक्रम का संचालन सचिन त्रिपाठी (मंडल मंत्री एवं एस आई आर प्रभारी, रामपुर बघेलान) ने किया। उन्होंने रामपुर बाघेलान मंडल का बूथवार विवरण भी प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विजय नाथ त्रिपाठी (मंडल उपाध्यक्ष) ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निर्मला सोनी (मंडल उपाध्यक्ष), ममता साकेत (मंडल मंत्री), विवेक त्रिपाठी (BLA-2), चंद्र प्रकाश गुप्ता 'जिमी' (BLA-2), राम अवधिया (BLA-2), विजयंत पांडे (वरिष्ठ भाजपा नेता), रानी साकेत, सविता साकेत, ज्ञानवती साकेत, रविता साकेत,राजकुमार त्रिपाठी,सुखेंद्र तिवारी,राम भगत त्रिपाठी, रवि मिश्रा, आशानंद त्रिपाठी,रोहित तिवारी, समाजसेवी ऋषिकेश त्रिपाठी (गोलू) अभय राज त्रिपाठी,नितिन त्रिपाठी,सुंदरम त्रिपाठी,अभय लकी त्रिपाठी, नीलमणि त्रिपाठी, अंकुर त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक मुकुन्दपुर प्रबंधक पर मनमानी का आरोप

## क्षेत्रीय जनता परेशान

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 6 दिसंबर, मध्यप्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा जहां मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के माध्यम के द्वारा ग्राम प्रस्फुटन समिति का गठन कर योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए जल्द ग्राम प्रस्फुटन समिति का बैंक में खाता खोलने के निर्देश दिए गए हैं.**

वहीं मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा मुकुन्दपुर के शाखा प्रबन्धक मनमानी पर उतारू होकर लगभग दो माह से खाता नहीं खोल रहे हैं जिससे ग्राम प्रस्फुटन समिति मुकुन्दपुर के अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा और सचिव राम प्रकाश शाहू बहुत परेशान हैं।

सीएम हेल्पलाइन क्रमांक 35592021पर शिकायत दर्ज कराई गई । वहीं ऐसी ही परेशानी झेलते हुए संध्या सोंधिया निवासी सिंघौल के द्वारा भी सीएम हेल्पलाइन क्रमांक 35553724 में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत कर्ताओं ने आरोप लगाया है कि शाखा प्रबन्धक कह रहा है कि मैं जबतक हूं ऐसे खाते नहीं खुलेंगे। इनके परेशानी के चलते शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। वहीं धोबहट निवासी राजेश तोमर के ने



शाखा प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं दो - तीन माह से परेशान हुं।

मेरे खुद की गाढ़ी कमाई उक्त बैंक में जमा है किन्तु शाखा प्रबन्धक के द्वारा मेरे खाता से पैसे नहीं निकाला जा रहा है। बैंक एकाउंट पर रोड़ा तरह -तरह का लगा कर राजेश तोमर के खुद की मेहनत की गाढ़ी कमाई नहीं दी जा रही है ।ऐसा एक ,दो नहीं सैकड़ों क्षेत्रीय जनों के द्वारा इस समय के शाखा प्रबन्धक पर तरह -तरह के आरोप लगाये जा रहे हैं। शाखा प्रबन्धक के द्वारा क्षेत्रीय जनों को परेशान करने का वीडियो इस समय खूब वायरल हो रहा। क्षेत्रीय जनों के साथ राजेश विश्वकर्मा मुकुन्दपुर ने समाचार के माध्यम से जिला कलेक्टर मैहर एसडीएम अमरपाटन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त शाखा प्रबन्धक पर कार्यवाही किए जाने के साथ आमजनता की बैंक संबंधी समस्यायों का निराकरण कराये जाने की पुकार लगाये हैं।

# आखिरकार शुरू हुआ मुख्य द्वार बनाए जाने का कार्य

**खबर का असर**

नवभारत न्यूज

**कोठी 6 दिसंबर, नगर परिषद कोठी के अंतर्गत बनाए जाने वाले मुख्य द्वार का समाचार वर्षों गुजर गए और अभी तक कोठी का मुख्य द्वार नहीं बना इस शीर्षक नवभारत समाचार पत्र सतना ने एक के बाद एक लगातार कई बार प्रकाशित किया गया जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए इस पर तत्काल कार्य कराए जाने के लिए संबंधित संविदाकार को निर्देशित किया जिसके बाद ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू भी कर दिया गया और इसके लिए सड़क को डायवर्ट किया गया।**

कोठी सतना मार्ग में बाईपास के पास बनने वाला मुख्य द्वार वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ था वर्षों पूर्व मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी द्वारा इसका भूमि पूजन किया गया



सालों से अधूरा पड़ा हुआ है कोठी का मुख्य द्वार

विकास कार्य की गति कछुहे की चाल से भी कम

नवभारत न्यूज

कोठी 27 नवंबर, मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने काफी पहले नगर परिषद कोठी के मुख्य द्वार का भूमि पूजन कर निर्माण शुरू कराया था, आज तक कोठी का मुख्य द्वार बनकर तैयार नहीं हुआ और आधा अधूरा होने पर लोगों का मुंह चिढ़ा रहा है।

जिम्मेदारों की निष्क्रियता की वजह से कोठी नगर परिषद के अंतर्गत होने वाले सभी विकास कार्य की गति

नगर परिषद के अध्यक्ष, सीएमओ ,इंजीनियर सभी इस विषय पर चुप्पी साधे हुए हैं और कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे जबकि यह कार्य तो 10 दिवस में ही पूर्ण हो जाना चाहिए था क्योंकि कोई बहुत बड़ा प्रोजेक्ट नहीं है सिर्फ नगर की सुंदरता बढ़ाने के लिए मुख्य द्वार का निर्माण नगर परिषद की सीमा के आसपास किया गया है कोठी के बाइपास तिराहे के पास बन रहा मुख्य द्वार सालों से अधूरा पड़ा हुआ है और अभी भी काम बंद है कब तक में बनकर तैयार होगा यह भविष्य के गर्त में है जबकि समय सीमा पहले ही पूर्ण हो चुकी

था परंतु अभी तक यह अधूरा ही है अब जाकर कहीं इस पर कार्य शुरू हुआ है । इस रास्ते से गुजरने वाले वाहनों के लिए बगल के बने



बाईपास रास्ते को वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जल्द ही इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा जिससे कि आवागमन सुचारू रूप शुरू हो सके। फिलहाल कार्य प्रगति का सूचना पटल लगा कर आवागमन बंद कर दिया गया है देखना दिलचस्प है कि आखिरकार यह कब तक बनकर पूर्ण रूप से तैयार हो पता है।

# टीम कैट अमरपाटन ईकाई का गठन

- चक्रेश जैन अध्यक्ष, नीलेश अग्रवाल महामंत्री ,संतोष गुप्ता बने कोषाध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**सतना 6 दिसंबर, देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था ?कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स टीम कैट सतना ने आज अमरपाटन ईकाई का गठन किया है।**

जैन धर्मशाला अमरपाटन में व्यापारियों की बैठक में चक्रेश जैन को अध्यक्ष नीलेश अग्रवाल अग्रवाल महामंत्री एवं संतोष गुप्ता को कोषाध्यक्ष व्यापारियों द्वारा मनोनीत किया गया। इस मौके पर म प्र कैट के प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी संभागीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर अग्रवाल कैट जिलाध्यक्ष मनोहर वाधवानी महामंत्री अभिषेक जैन उपस्थित रहे। प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी ने स्वदेशी अपनाओ समृद्ध भारत बनाओं कैट और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 25 हजार किलोमीटर की चल रही रथयात्रा की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी । महामंत्री अभिषेक जैन ने कैट की विस्तृत जानकारी, कैट के उद्देश्य व देश भर में किये जा व्यापारी हितार्थ कार्यो की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष मनोहर वाधवानी ने सतना इकाई के बारे विस्तार से बताया। कैट सतना द्वारा अमरपाटन, मैहर, उचेहरा का दौरा किया एवं संभागीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर अग्रवाल जी रथयात्रा की जानकारी एवं 13/14 दिसंबर को रथयात्रा के सतना जिले व मैहर जिले की विस्तृत जानकारी दी। सभी व्यापारियों ने स्वदेशी अपनाओ समृद्ध भारत बनाओं कैट के उद्देश्य की सराहना करते हुए रथयात्रा का जन जन पहुंचाने व स्वदेशी अपनानें लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चक्रेश जैन, नीलेश अग्रवाल, अशोक जैन, शंकर त्रिपाठी,मो.आबिद, वैभव ताम्रकार, संतोष गुप्ता, राकेश जैन,श्याम किशोर, दामोदर जैन, प्रवीण जैन, सुरेश गुप्ता, रुपेश कुमार जैन,धीरज गुप्ता, दिलीप जैन, कृष्णा ताम्रकार, प्रकाश जैन अशोक दौलतानी, चन्द्रशेखर अग्रवाल, मनोहर वाधवानी, अभिषेक जैन सहित अनेक व्यापारी गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव कोठी में आज से

**कोठी 6 दिसंबर,** मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्य अतिथि में कोठी के अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह खेल मैदान में रविवार 7 दिसंबर को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ होगा। कोठी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में पहले से पंजीकृत वेरीफाइड खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे , पहले दिन चित्रकूट विधानसभा के अंतर्गत की आने वाली 10 टीमों के खिलाड़ी अपना-अपना मैच खेलेंगे जिसमें सोनवर्षा ,पगारकला , तिघरा, बांधी , महुला , मझगवां ,झरी , भरगवां , हिरौंदी ,एवं चंदई की टीम के बीच मैच होगा सभी खिलाड़ी सांसद खेल महोत्सव की किट में मैच खेलेंगे।

# प्रभु से बढ़कर कोई सुख और संपदा नहीं : आचार्य जयराम महाराज

- श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

नवभारत न्यूज

**नागौद 6 दिसंबर,अगोल मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन व्यास प्रीठ आचार्य जगतगुरु श्री जयराम महाराज ने परीक्षित जन्म एवं सुखदेव जन्म की कथा सुनाई।**

महाराज जी ने कहा सुखदेव जी के आगमन से भागवत कथा का शुभारंभ होता है जिससे ज्ञान और भक्ति की धारा प्रवाहित होती है सुखदेव की सचित्र झांकी प्रस्तुत की गई । आगे महाराज जी ने कहा जीवन में सत्य का ध्यान करना ही सबसे महत्वपूर्ण है महाराज जी ने बताया श्रीमद् भागवत कथा के अनुसार जो कार्य समाज के लिए किया जाए वह अर्पण कहा जाता है भगवान के लिए किए जाने वाला काम समर्पण और पितरों के लिए किए जाने वाला कार्य तर्पण कहलाता है । आगे महाराज जी ने खचाखच भरे श्रद्धालुओं





के समक्ष कहा युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया जिससे अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ परीक्षित जब बड़े हुए नाती पौतो से भरा परिवार था एक सुख वैभव राज था वह 60 वर्ष के थे एक दिन वह क्रमिक मुनि से मिलने उनके आश्रम गए उन्होंने आवाज लगाया लेकिन तपस्या में लीन होने के कारण मुनि ने कोई उत्तर नहीं दिया राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पड़े सर्प को मुनि के गले में डालकर वापस चले आए अपने पिता के गले में मृत सर्प को देखकर मुनि के पुत्र ने श्राप दे दिया जिसने भी मेरे पिता के गले में मृत सर्प डाला है उसकी मृत्यु सात दिन के अंदर सर्प के डसने से हो जाए ऐसा ज्ञात होने पर राजा परीक्षित ने विद्वानों को अपने दरबार में बुलाया उनसे राय ली उसमें विद्वानों ने सुखदेव का नाम सुखाया और इस प्रकार से सुखदेव का आगमन हुआ । मुख्य यजमान पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन अर्चन किया ,कथा आयोजक यतेंद्र सिंह, श्रीमती प्रतिभा सिंह अध्यक्ष नगर परिषद ने सचित्र झांकी का पूजन अर्चन किया। पहले दिन नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया प्रातः श्री रुद्राभिषेक आचार्य विद्वानों द्वारा संपन्न कराया गया श्रीमद् भागवत कथा में डॉक्टर महेंद्र सिंह चौहान ,राघवेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह बघेल ,राजभान सिंह, डा ज्ञानेंद्र सिंह विनोद सिंह ,अनिल सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मैहर ने बांदा को 60 रन से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

- नानाजी देशमुख की स्मृति में आयोजित चित्रकूट चैलेंज कप

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 6 दिसंबर, भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी की स्मृति में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान एवं चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब कर्वी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जा रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट " चित्रकूट चैलेंज कप- 2025 " के पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल मैच में मध्य प्रदेश की मैहर ने उत्तर प्रदेश की बांदा को 60 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।**

मैच के पूर्व मुख्य अतिथि निदेशक जन शिक्षण संस्थान दीनदयाल शोध संस्थान श्री अनिल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ क्रिकेटर श्री सौरभ त्रिपाठी एवं अश्विनी जी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले







बल्लेबाजी करते हुए मैहर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आकर्ष के 55 गेंदों में बनाए गए शानदार 106, दानिश के 32 एवं रजनीश के 19 रनों के योगदान से 4 विकेट खोकर 200 रनों का विशाल स्कोर बनाया। बांदा की ओर से मानस को 2 एवं शशांक एवं अनुज को 1-1 विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में बांदा की टीम रवि कुमार की 30 एवं शशांक लटोरिया रनों की संघर्षशील पारी के बावजूद 20 ओवरों में 9 विकेट होकर 140 रन ही बना सकी। आकर्ष सिंह को 4 जबकि अनिल को 2 सफलताएं प्राप्त हुई। शनिवार के मैच के शानदार शतक के साथ चार विकेट प्राप्त करने वाले मैहर के आकर्ष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। गत दिवस सम्पन्न हुए मैच में पूल ए बी के दूसरे रोमांचक मैच में मध्य प्रदेश की मैहर ने बिहार की बक्सर की टीम को तीन विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच के पूर्व अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी चित्रकूट श्री शैलेश कुमार उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय रेफरी श्री तुषार कांत शास्त्री एवं श्री राजकुमार निषाद ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस ?जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बक्सर की टीम ने कप्तान पंकज वर्मा के 48 , प्रकाश के 29 एवं गुडनेस साहनी के 21 रनों की बदौलत निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट होकर 133 रन बनाए। मैहर के अमित एवं दानिश को दो-दो विकेट प्राप्त हुए। 134 रनों के लक्ष्य को मैहर की टीम ने मैन ऑफ द मैच आकाश के शानदार 65 रनों की बदौलत बेहद रोमांचक मैच में 14.4 ओवर में हासिल कर लिया। बक्सर की ओर से सागर ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए मात्र 10 रन देकर चार विकेट हासिल किया।